बरेली, सोमवार
7 नवंबर, 2022

दैनिक जागरण

PAGE NO 06, TOP

कूच बिहार ट्राफी मैच को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह

जागरण संवाददाता, बरेली: बोर्ड आफ कंट्रोल फार क्रिकेट इन इंडिया (बीसीसीआइ) के तत्वावधान में जिले में पहली बार होने वाले अंडर-19 कूच बिहार ट्राफी मैच को लेकर यहां के खिलाड़ियों व क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह है। आयोजकों का कहना है कि ऐसा लग रहा है कि वर्षों पहले एसआरएमएस क्रिकेट ग्राउंड जिस उद्देश्य से शुरू किया, वह पूरा हो रहा है। इस मैच के बाद शहर में क्रिकेट के क्षेत्र में और भी नए आयाम स्थापित होंगे।

एसआरएमएस क्रिकेट ग्राउंड पर 12 से 15 नवंबर तक कूच बिहार ट्राफी में उप्र और नागालैंड की टीमों के बीच मुकाबला होगा। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) ने इसकी जिम्मेदारी बरेली क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) को दी है। क्रिकेट प्रेमी और स्थानीय खिलाड़ी आसानी से इस मैच का आनंद ले सकें, इसके लिए दर्शकदीर्घा में अलग से जगह तैयार की गई है। इस मैच से खिलाड़ियों को जहां कई बारीकियां सीखने को मिलेंगी तो वहीं राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खुद को तैयार करने को लेकर आत्मविश्वास बढ़ेगा। आयोजकों के अनुसार इस मैच के बाद नारी सशक्तीकरण को ध्यान में रख लड़कियों का भी मैच कराने को लेकर रूपरेखा तैयार की जा रही है।

एसआरएमएस में क्रिकेट ग्राउंड बनने के बाद से ही बीसीए यहां मैच आयोजित कराने का लगातार प्रयास कर रहा था, जिससे शहर में क्रिकेट और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जा सके। प्रयास सफल हुआ। बीसीसीआइ अधिकृत मैच होना बरेली के लिए बड़ी उपलब्धि है। **आदित्य मूर्ति, सचिव, एसआरएमएस**

कूच बिहार ट्राफी का यहां होना जिले के लिए गर्व का पल होगा। इसके बाद यहां के खिलाड़ियों मेंनई ऊर्जा पैदा होगी। मैच होने से पहले जिस तरह युवाओं में खुशी दिख रही है, उससे यह साबित होता है। यहां इस तरह के आयोजन हों, इस तरह की सोच भावी खिलाड़ियों व क्रिकेट प्रेमियों में थी। **सीताराम सक्सेना, सचिव, बीसीए**

एसआरएमएस क्रिकेट ग्राउंड पर 12 से 15 नवंबर तक होगा मैच